करंट से हादसे की आशंका | शाला परिसर से अवैध रूप से विद्युत तार डाली गई

# विद्यार्थियों की जान से कर रहे खिलवाड़



कुम्हारी नवभारत 6 नवंबर। संकुल कुम्हारी से जुड़ी प्राथमिक बालक शाला मझगुवा हंसराज का भवन जर्जर हो गया है और यह अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। वहीं, ग्रामीण विद्यालय परिसर के मैदान से विद्युत सप्लाई के लिए तार लगाकर अपना घर रोशन कर रहे है तो यही तार यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए जान का खतरा बनी हुए है और विद्यालय प्रबंधन के लिए मुसीबत बन गए हैं।

शिक्षकों ने बताया कि बरसात में एक दो बार करंट जैसे हालात भी निर्मित हुए। जिन लोगों ने तार खींची है, उनकी मनमानी के चलते विद्यालय परिसर में तार आज भी लटके हुए नजर आते हैं। इसके चलते किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

### इनका कहना

स्कूल में टीम भेजकर दिखवाते हैं कि विद्युत तार क्यों खींची गई है।

**नीरज नामदेव, कनिष्ठ अभियंता पटेरा**

शाला का भवन जर्जर हो गया है। बाउंड्रीवॉल और गेट भी नहीं है। खेल परिसर से स्थानीय लोगों ने विद्युत तार डाली है जो छात्रों के लिए मुसीबत बनी हुई है।

**अनुज तिवारी, प्रधान पाठक बालक शाला मझगुवा हंसराज**

## लाईट गुल, सीसीटीवी कैमरे किस काम के अर्द्धवार्षिक परीक्षा की निगरानी अब कैसे होगी




**कुम्हारी नवभारत 6 नवंबर। हाईस्कूल पटेरिया में छमाही परीक्षाओं का दौर चल रहा है, जहां वार्षिक परीक्षा के तर्ज पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कक्षा नवमी से 12वीं तक का संचालन हो रहा, लेकिन परीक्षा के समय लाईट गुल होने से इन कैमरों का औचित्य समझ से परे है।**

विद्यालय में कक्षा नवमी और दसवीं का विषय गणित, अंग्रेजी का प्रश्न पत्र हल करते हुए छात्र-छात्राएं नजर आ रहे थे। कक्षा नवमी में 86 में से 80 उपस्थित व 6 छात्र अनुपस्थित, दसवीं में 80 में से 77 उपस्थित, तीन अनुपस्थिति रहे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में उक्त परीक्षाओं का होना लाजमी है मगर 10 बजे से 1 बजे तक लाईट बंद होने की वजह से कैमरे चालू नहीं हो पाए।

### इन्वर्टर या सौर पैनल नहीं लगाए?

विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी आवश्यक है तो इनके संचालन के लिए पहले ही इन्वर्टर या सौर पैनल की व्यवस्था की जानी चाहिए थी ताकि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हो सके। शिक्षकों ने बताया कि अक्सर यहां लाईट बंद रहती है। स्कूलों में सौर पैनल लग जाये तो सुविधा होंगी।

## संत रविदास महाराज की प्रतिमा स्थापित

### शोभायात्रा निकाली गई, मंदिर में किया गया पूजन अर्चन



नवभारत, पथरिया 6 नवंबर। अंबेडकर मोहल्ला ग्राम लखरोनी में श्री संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास महाराज की गांव के मुख्य मार्ग, गलियों से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई और पूर्ण विधि विधान व पूजन अर्चन उपरांत प्रतिमा की मंदिर में स्थापना की गई एवं अटूट भंडारे सहित भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंचमदास महाराज, आत्मानंद गिरी महाराज, पीठाधीश्वर चौमुखनाथ परमधाम आश्रम लखरोनी, लखन पटेल राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन (विधायक पथरिया), रामबाई, गोविंदसिंह परिहार पूर्व विधायक पथरिया, रंजीता गौरव पटेल अध्यक्ष जिला दमोह, सुन्दरलाल विश्वकर्मा अध्यक्ष नप पथरिया, बृजेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सोहन राठौर जनपद सदस्य लखरोनी, एड. अंकित सिंह राजपूत सहित हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रहीं।



## नवनिर्मित मंदिर में नीलकंठेश्वर शिवलिंग की स्थापना

नवभारत,जबेरा.थाना जबेरा परिसर में नवनिर्मित मंदिर में नीलकंठेश्वर शिवलिंग की स्थापना जन सहयोग से की गई. थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार 01 नम्बवर 2025 से 5 नम्बवर 2025 तक चला है.थाने पर भंडारा का आयोजन भी किया गया.

## एक नजर में

### अमन ने परिवार और तहसील का नाम किया रोशन



नवभारत,पथरिया 6 नवंबर। नगर के उदीयमान व प्रतिभाशाली युवा अमन चौरसिया ने भारतीय चार्टर्ड अकाउंट संस्था द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर परिवार, तहसील व जिले का नाम रोशन किया है।उनकी इस उपलब्धि पर सुदेश चौरसिया, रवि चौरसिया, विशाल चौरसिया, अमजद खान, सलमान खान, ओम नेमा आदि ने शुभकामनाएं दीं।

### सृष्टि बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट



नवभारत,दमोह.दमोह शहर की युवती सृष्टि जैन( गांगरा)ने अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंटसी सीए की उपाधि प्राप्त कर शहर, परिवार और गुरुजनों का गौरव बढ़ाया है। सृष्टि जैन (गांगरा) जो कि प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार लोकेश गांगरा और श्रीमती बबीता जैन की सुपुत्री हैं, इन्होंने आईसीएआई (आईसीएआई) दिल्ली द्वारा आयोजित सीए फाइनल परीक्षा सितम्बर 2025 में सफलता हासिल की।अपनी इस उपलब्धि पर सृष्टि ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय प्रभु, अपने माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों को दी।



### 6 मोटरसाईकिल सहित सोने चांदी के आभूषण जप्त

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना पुलिस ने चोर गिहोर को पकड़कर चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है. चोर गिरोह के सदस्यों ने प्रदेश के अन्य जिलों में भी चोरी की घटनाओं को करना स्वीकार किया. पुलिस ने इस संबंध में बुधवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि जिले में हो रही नकबजनी व चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी द्वारा अज्ञात चोर गिरोह को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था. जिसके तारतम्य में थाना दमोह देहात द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एच. आर.पाण्डेय के नेतृत्व में देहात थाना निरीक्षक रचना मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका उनि प्रर्शीता कुर्मी के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर, एक गिरोह को पकड़कर चोरी को कई घटनाओं का खुलासा किया गया. जिनमें शंकर उर्फअभिषेक यादव निवासी सिविल वार्ड 3 शाहिद उर्फभोला कुंचबंदिया उम्र 18 साल निवासी दाल मिल के पीछे वार्ड नं.03, अभिषेक कुंचबंदिया दमोह,राज अहिरवार अग्रवाल दाल मिल के पीछे,एक अन्य गदागंज पॉलीटॅनिक कालेज के पीछे दमोह सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया.पुलिस की पूछताछ में चोरो द्वारा चौकी जबलपुर नाका,चौकी सागर नाका, थाना दमोह देहात की कई चोरी व अलग-अलग जिले मण्डला, जबलपुर, कटनी से चोरी की बारदाद करना स्वीकार किया है. थाना क्षेत्र की नकबजनी/ चोरी की अलग-अलग घटनाओं में उक्त चार आरोपियो, 1 अपचारी बालक चोरी में मुकुट, घंटा, दान पेटी अन्य से सोना चांदी के जेवरात, मंदिर मकान की चोरी में गैस चूल्हा,गैस सिलेण्डर, अनाज की बोरियां की बरामदगी के साथ अलग-अलग जिलो से चोरी की गई 06 मोटर साईकिल की बरामदगी की गई है. उक्त चोर गिरोह पर जिले व अन्य जगहों में चोरी की बारदातो का पूर्व अपराधिक रिकार्ड है. उपरोक्त चोर अलग-अलग जगह जाकर गैंग बनाकर चोरी की बारदाद को अंजाम देते है.



### एएसपी रीडर पुरषोत्तम को दी भावभीनी विदाई

नवभारत,दमोह.पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया के रीडर (सब इंस्पेक्टर) पुरषोत्तम यादव का सेवानिवृत्त होने भावभीनी विदाई समारोह शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रखा गया. जहां सीएसपी एचआर पांडे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त पुलिस अधिकारी जिनमें टीआई अमिता अगिनहोत्री, अंजली अगिनहोत्री,स्टेनो अरुण गौतम, रीडर वीरेंद्र खरे, पवन चौबे, सूबेदार आकांक्षा जोशी, लाइन ऑफिसर दिनेश गोस्वामी, आरपीएफस्टाफसहित और भी अधिकारी गण, कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी .साथ ही सीएसपी व समस्त स्टाफने साल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उपहार भी देकर भावभीनी विदाई दी.

## छात्र-छात्राओं और वृद्ध जनों का सम्मान

### संस्कृतिक कार्यक्रम : चिरौला असाटी समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित



नवभारत,दमोह। जिले के प्रसिद्ध भटपुरा चिरौला श्री हनुमान मंदिर परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर चिरौला असाटी समाज द्वारा प्रथम बार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय असाटी समाज बटियागढ़, फुटेरा कला, चिरौला, आलमपुर, बकायन और नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लगभग 200 समाजजन सम्मिलित हुए. समारोह में अतिथियों ने एकता, संस्कृति और सामाजिक सहयोग की सराहना की.मुख्य अतिथि के रूप में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष असाटी समाज अंकुर असाटी बल्देवगढ़ उपस्थित रहे.विशिष्ट अतिथि कौशल प्रसाद ममरखा, दामोदर प्रसाद फुटेरा, चंपालाल असाटी फुटेरा, सुरेश असाटी पूर्व अध्यक्ष बटियागढ़, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र असाटी, श्रीमती विद्या असाटी, दमोह असाटी समाज अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी पत्रकार, महिला अध्यक्ष नेहा असाटी, सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे. कार्यक्रम में संस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाज के वरिष्ठ नागरिकों (75 वर्ष से अधिक आयु) को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. इसी क्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कक्षा 10वीं में फुटेरा के क्रिस असाटी, चिरौला के आदित्य असाटी तथा कक्षा 12वीं में फुटेरा की खुशी असाटी और बटियागढ़ के आशुतोष असाटी को शील्ड प्रदान की गई.

## चुनाव प्रणाली : युवा कांग्रेस के परिणाम घोषित



नवभारत,दमोह.युवा कांग्रेस द्वारा हुये चुनाव प्रणाली का आज परिणाम घोषित हुआ। युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र अहरवाल ने प्रेस कि नोट जारी कर बतया कि युवा कांग्रेस दिल्ली द्वारा पूर्व म.प्र. में चुनाव कार्यक्रम कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव का निर्वाचन किया गया है। जिसमें दमोह विधानसभा से विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र अहरवाल, ग्रामीण अध्यक्ष जगत असाटी, शहर अध्यक्ष सुमिल जैन, दमोह उपब्लाक अध्यक्ष विकास पाण्डेय, उपब्लाक अध्यक्ष देविन्द्र लोधी, हटा विधानसभा से सौरभ राय और पटेरा ब्लाक अध्यक्ष हनी ताम्रकार बने वही पथरिया विधानसभा से अजय ठाकुर अध्यक्ष बने और बटियागढ ब्लाक अध्यक्ष गौरव गर्ग बने और नरसिंहगढ ब्लाक अध्यक्ष निशांत सिकरी बने। ग्रामीण अध्यक्ष जगत आसाटी ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय भूमिका निभा रहा हूँ में पहली बार युवा कांग्रेस में अध्यक्ष बना जिसमें विशेष आभार यवा कांगेस के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक डिम्हा का मानता हूॅ जिन्होंने इस बार स्वयं चुनाव चुनाव न लड़कर पूरे जिले में नये युवाओ को मौका दिया व विधानसभा अध्यक्ष व नये ब्लॉक अध्यक्ष बनाये वहीं शहर अध्यक्ष सुमिल जैन ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है वो मैं पूरी जिम्मेदारी से निभाउंगा। इस बार चुनाव में नये युवाओ को मौका मिला है जो राहुल गांधी जी की सोच विचारधारा पर है मैं समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजनो व विशेष रूप से अभिषेक डिम्हा व रफीक खान का आभार मानता हूं.



### शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की

नवभारत,दमोह. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मृतक बीएलओ श्याम सुंदर शर्मा के हिनौती ग्राम पहुंचे। जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में दिवंगत बीएलओ के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा दुख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन परिवार के साथ है। हम हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करेंगे ताकि परिवार को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी से भड़का सिंधी समाज



नवभारत,दमोह। पूज्य सिंधी समाज पंचायत जिला दमोह (म.प्र.) ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है, जिसमें छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल जी और सिंधी समाज के खिलाफ की गई अस्वीकार्य टिप्पणी पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है.अमित बघेल ने एक पत्रकार को दिए अपने बयान में सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की और सिंधी समाज को पाकिस्तानी कहकर संबोधित किया. इस टिप्पणी से सिंधी समाज की धार्मिक आस्था को गंभीर ठेस पहुंची है और समाज का घोर अपमान हुआ है. सिंधी समाज की प्रत्येक सामाजिक इकाई में भारी आक्रोश व्याप्त है और समाज के आराध्य इष्ट देव भगवान झूलेलाल जी के प्रति आस्था और उनके अनुयायियों को गहरी चोट पहुंची है.दमोह सिंधी समाज पंचायत द्वारा रैली निकालकर तीन गुल्ली, स्टेशन चौक, घंटाघर होकर अंबेडकर चौक पर पुतला दहन कर अमित बघेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है, जिसमें उनके बयान की निंदा की जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए.अमित बघेल से माफी मांगने की भी मांग की गई है.दमोह सिंधी समाज के अध्यक्ष हरगोविंद लालवानी पूर्व अध्यक्ष अनिल कोटवानी, उपाध्यक्ष मुकेश वाधवानी, मनोज अहूजा, सचिव सुनील मखीजा, लव पोपटानी व समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सिंधी समाज ने आक्रोश रैली निकाली और पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की.

समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अमित बघेल की टिप्पणी से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और समाज की आस्था और श्रद्धा को ठेस पहुंची है.समाज के लोग उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

## श्मशान घाट के पास बन रही पानी की टंकी, चबूतरे का आंशिक हिस्सा तोड़ा

### दूसरी ओर बनाया जा रहा नया चबूतरा

नवभारत,दमोह। बटियागढ़ तहसीलदार ने बताया कि संबंधित हल्का पटवारी के साथ मौके की जांच की गई। जॉच के दौरान पाया गया कि गॉव के खेल मैदान में स्थित शमशान घाट के चबूतरा के पीछे शासकीय भूमि पर पानी की टंकी के निर्माण के लिए भूमि आरक्षित की गई थी, जिसका निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है। तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी ने बताया निर्माण के लिए मशीनों का आवागमन हेतु शमशान घाट के चबूतरे का लगभग चार से पांच फीट हिस्सा तोड़ा गया है, ताकि निमार्ण कार्य सुचारू रूप से हो सके। उन्होने बताया उसकी भरपाई के लिए दूसरी ओर चबूतरे का निर्माण किया जा रहा है, शमशान घाट के चबूतरे को पूरी तरह नहीं मिटाया गया है सिर्फचार-पांच फीट हिस्सा ही तोड़ा गया है।



## हाथी पाव वाले मरीजों को किट वितरित

कुम्हारी नवभारत 6 नवंबर। स्वास्थ केंद्र कुम्हारी में हाथी पाव वाले मरीजों को किट वितरित की गई। कुम्हारी में 3, पटेरा में 12, ब्लाक में 15 मरीजो को किट प्रदान की गई। मलेरिया विभाग की टीम ने इस किट का वितरण किया। टीम के रवि कुमार नेमा ने बताया कि मादा क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से हाथी पाव की बीमारी होती है। इस दौरान रमाशंकर प्रजापति ऑपरेटर, नर्स शोभा, आशा, लक्ष्मी नामदेव उपस्थित रहीं।

## 6 वर्षीय बालक खेलते समय पानी की टंकी में गिरा, मौत

नवभारत,तेंदूखेड़ा. नगर से लगे बम्होरी ग्राम में गुरुवार को दुखद हृदय विदारक घटना घट गई.जिसमें एक 6 वर्षीय बालक की दुखद मौत हो गई.जानकारी लेने पर पता चला कि बम्होरी ग्राम में एक 6 साल के बालक अंकित पिता निर्मल पाल घर में बनी पानी की टंकी में खेलते समय अचानक पानी की टंकी में गिर गया. जब तक परिजन बच्चे को पानी की टंकी से निकालते, बच्चे की पानी में दम घुटने से मौत हो चुकी थी. बालक को परिजन सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लेकर आए. जहां डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अंकित घर के आंगन में खेल रहा था.घर की महिलाएं अंदर घर में कम कर रही थी. पुरुष काम पर गए थे. तभी बालक खेलते-खेलते अचानक पानी की टंकी में गिर गया. जब तक अंकित को पानी की टंकी से निकाला गया. बालक की हालत गंभीर थी, सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लेकर जब तक पहुंचे. बालक की मौत हो गई. शुक्रवार को बालक का पीएम कराया जाएगा. तभी घटना की वास्तविकता की जानकारी सामने आएगी.

कार्यक्रम | अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

## 1 .59 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण



**नवभारत,दमोह. दमोह विधानसभा के अभाना में 1 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल रहीं।**

अतिथियों ने फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया और मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर अस्पताल को जनता को समर्पित किया। नवनिर्मित 8 बिस्तरों वाले इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेटरनिटी कक्ष, वार्ड, प्रतीक्षालय और बाउंड्रीवाल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विधायक जयंत मलैया ने भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की सराहना की। विधायक मलैया ने कहा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य जारी है। दमोह जिला अस्पताल में 15 दिन बाद 50 बिस्तरों वाला इमरजेंसी वार्ड शुरू होने जा रहा है। वहीं, 100 बिस्तर के इमरजेंसी वार्ड की स्वीकृति भी मिल चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में चार नए उप-स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। विधायक मलैया ने इस अवसर पर अभाना अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जिला पंचायत अध्यक्षप रंजीता गौरव पटेल ने कहा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं।



आज अभाना जैसे ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अभाना के सरपंच गोविंद सिंह, रमन खत्री, मनीष तिवारी,मोंटी रैकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।